मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय
मिड–डे मील योजना
(Mid Day Meal Scheme)

क्रमांक एफ 4(322) प्राशि/एमडीएम/CCHप्रशिक्षण/2014–15/834 जयपुर, दिनांक : 23/01/2024

जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)
प्रारम्भिक शिक्षा,
जिला समस्त।

विषय :–राजकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत लगे कुक–कम हैल्पर्स को प्रशिक्षण दिये जाने के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य में मिड–डे मील योजनान्तर्गत राजकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन पकाने का कार्य कुक–कम हैल्पर्स द्वारा किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यरत कुक–कम हैल्पर्स को भोजन बनाने या पकाने की प्रक्रिया, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छता, खाद्यान के रख–रखाव व पोषक तत्वों से युक्त भोजन तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु दिनांक 29.01.2024 से 31.01.2024 तक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (IHM), बनीपार्क, जयपुर द्वारा दो पारियों में (मध्यान्ह पूर्व 10 बजे से 1 बजे तक तथा मध्यान्ह पश्चात 2.30 बजे से 5.30) प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में लगभग 500 कुक–कम हैल्पर्स को Master Trainer के रूप में तैयार किया जायेगा। प्रशिक्षण पश्चात ये Master Trainer राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में कार्यरत कुक–कम हैल्पर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित करेंगे।

अतः उक्त के संबंध में निर्देशानुसार लेख है कि आप निम्न सारणी अनुसार अपने जिले से 10 कुक–कम हैल्परों को Master Trainer के रूप में तैयार किये जाने हेतु कुशल, अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति का चयन करना है। जिन विद्यालयों में 2 या 2 से अधिक कुक–कम हैल्पर कार्यरत है उन विद्यालयों से एक ही कुक–कम हैल्पर का चयन किया जावे तथा चयनितों की सूची अविलंब इस विभाग को भिजवाने का श्रम करावें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त कुक–कम हैल्पर्स को यात्रा के वास्तविक किराये का भुगतान संबंधित विद्यालय में उपलब्ध MME मद से देय होगा। प्रशिक्षण हेतु निम्न कार्यक्रम अनुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (IHM), बनीपार्क, जयपुर में भिजवाने हेतु निर्देशित करने का श्रम करें:–

जिलेवार एवं दिनांक वार प्रशिक्षण हेतु उपस्थित होने वाले कुक–कम हैल्पर्स की सूची

क्रसं	दिनांक एवं वार	जिला	CCH की संख्या
1	29.01.2024 सोमवार मध्यान्ह पूर्व	अजमेर, झुन्झनूं अलवर, बूंदी, सवाई माधोपुर करौली, धौलपुर, हनुमानगढ, सीकर, चूरू,	100

पता :– उपहार कॉम्पलेक्स भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम, जयपुर, सम्पर्क : 0141 – 2701960, 2701694 (टेली/फैक्स),
ई–मेल mdm-rj@nic.in./rajmdm@rediffmail.com

	29.01.2024 मध्यान्ह पश्चात	पाली, जालौर, जोधपुर, बाडमेर बीकानेर, दौसा, श्रीगंगानगर, सिरोही, नागौर, भरतपुर	100
2.	30.01.2024 मंगलवार मध्यान्ह पूर्व	, बारां, डूंगरपुर, चित्तौडगढ, जैसलमेर, उदयपुर, कोटा, झालावाड, जयपुर, टोंक, राजसमंद,	100
	30.01.2024 मध्यान्ह पश्चात	प्रतापगढ, बांसवाडा, भीलवाडा, अनुपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डींग, डीडवाना– कुचामन दूदू, गंगापुरसिटी	100
3	31.01.2024 बुधवार मध्यान्ह पूर्व	केकडी, कोटपुतली–बहरोड, खैरथल, नीम का थाना, फलौदी, सलूम्बर, सांचौर, शाहपुरा, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण	100

भवदीय,

(विश्व मोहन शर्मा)
आयुक्त,
मिड–डे मील

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर
2. प्राचार्या, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (IHM), बनीपार्क, जयपुर उक्त दिनांक को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का श्रम करावें।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान।

5 रक्षित पत्रावली।

अति0 आयुक्त,
मिड–डे मील

पता :– उपहार कॉम्पलेक्स भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम, जयपुर, सम्पर्क : 0141 – 2701960, 2701694 (टेली / फैक्स),
ई–मेल mdm-rj@nic.in./rajmdm@rediffmail.com